तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



12 एनएसएस के शिविर में 83 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण





12 177 अति गंभीर कुपोषित बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। जानकारी के अनुसार पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम छड़िया निवासी मंदाकिनी साहू पति जितेन्द्र कुमार साहू की मृत्यु आग में जलने के कारण उपचार के दौरान हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6–4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पति जितेन्द्र कुमार साहू पिता परमेश्वर साहू को 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### घर बाड़ी से महुआ शराब बरामद

**महासमुंद**। महासमुंद पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर एक बार फिर कार्रवाई करते हुए मुखबिर के सुचना के आधार पर ग्राम परसदा(ख) कीर्तिराम दीवान पिता स्व. दाऊलाल दीवान 28 साल के घर मे छापा मारकर बाड़ी मे रखे अवैध महुआ शराब 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए एवं उसके पास रखे बिक्री रकम 950 रुपए को बरामद किया है। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस हिरासत में लेकर कार्रवाई किया गया है।

### प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये किया संवाद

# मोदी की गारंटी पर लोगों का विश्वास बढ़ा : सांसद अजगले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाद किया। बलौदाबाजार विकाखण्ड के ग्राम पंचायत अहिल्दा में आयोजित शिविर में मोदी की गारंटी गाड़ी से वीडियो कांफ्रेंसिंग का जीवंत प्रसारण देखा गया। इस शिविर में लोकसभा क्षेत्र जांजगीर–चांपा के सांसद गुहाराम अजगल्ले शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत मकान बनाने वाले हितग्राहियों को



निःशुल्क पौधे व किसानों को तरल नैनो यूरिया किट, मृदा परीक्षण पत्रक वितरित किया गया।

सांसद अजगल्ले ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से योजना से वंचित हितग्राही सीधे लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे मोदी की गारंटी पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को पक्का मकान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, महिलाओं को धुआं रहित रसोई के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, घर–घर नल से स्वच्छ जल के लिए जल जीवन मिशन योजना लागू की है। इसके साथ ही अनेक योजनाएं है, जिससे लोगों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित लोगों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। विभिन्न योजना के हितग्राहियों ने योजना का लाभ मिलने से उनके जीवन में आये परिवर्तन के बारे में मेरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत लोगों अपने अनुभव बताए। इनमें मोहित पटेल प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि, भागचंद पटेल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, रघुनाथ पैकरा मृदा स्वास्थ्य पत्रक, रमण साहू किसान ▶▶ शेष पेज 11 पर

# 680 बोरी सीमेंट की अफरा तफरी का आरोपी ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



■ फर्जी नंबर प्लेट लगा किया परिवहन, सीमेंट जब्त

प्रार्थी अनिल ओमरे रोड लाइंस श्री सीमेंट खपराडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 दिसम्बर की शाम करीब 9 बजे ट्रांसपोर्ट द्वारा वाहन क्र. सीजी 04 जेसी 4027 से 34 टन माल सीमेंट कुल 680 बोरी को श्री श्याम एजेंसी लैलूंगा जिला रायगढ़ के लिये लोड कर रवाना किया गया था, जिसे 25 दिसंबर के सुबह करीब 8 बजे तक दिये गये पते पर पहुंचकर माल की सप्लाई करनी थी, किन्तु उक्त वाहन अभी तक पते पर नहीं पहुंचा है। माल को कहीं अन्यत्र ले जाकर बेचकर अफरा तफरी कर दी गई है। इस रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 407 भादवि कायम कर विवेचना में लिया जाकर घटना की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार दीपक कुमार झा को अवगत कराने पर आरोपी वाहन चालक की तलाश की गई।

पता तलाश के दौरान आरोपी का लोकेशन रायपुर आमानाका में होने की सूचना रायपुर जाकर आमानाका रायपुर से ट्रक क्र 04 - 4027 को बरामद कर आरोपी ड्राइवर से पूछताछ करने पर अपना मूल नाम तेजेंद्र पाल सिंह उर्फ सुखराज सिंह पिता हरनेक सिंह 34 साल निवासी दौलतपुरा नीमा थाना कलकला जिला मोगा पंजाब हाल मुकाम टाटीबंध रायपुर का होना बताया। जिसे अभिरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन लिया गया। अपने कथन में मनप्रीत पिता ▶▶ शेष पेज 11 पर



### अवैध खनन में सलिप्त जेसीबी जब्त

**भटगांव**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर खनिज अधिकारी एचडी भारद्वाज ने पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग के संयुक्त दल के साथ कटंगपाली क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। दल ने कटंगपाली में मिट्टी के अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर एक जेसीबी को स्थल पर ही जब्ती की कार्रवाई की।

### खनिज का अवैध परिवहन, चार वाहन जब्त

**भटगांव**। एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने अवैध खनिज रेत और गिट्टी परिवहन कर रहे 2 हाइवा और 2 ट्रैक्टर को जब्त कर सारंगढ़ थाना के सुपुर्द किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।




हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468





## खबर संक्षेप



### 22 तक साईं नगर जोरा में जारी रहेगी रामधुन

**रायपुर।** साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा में शाम को रामधुन 22 जनवरी तक चलेगी। यह कार्यक्रम अयोध्या में होने वाले रामलला के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने तक जारी रहेगा। वीआईपी चौक स्थित राम मंदिर से वहीं पर सनातनी शिक्षा ग्रहण कर रहे 9 विद्यार्थियों की टोली भारतीय परिधान में श्रीराम नाम का गुणगान साईं नगर जोरा में करने के लिए पहुंचे हैं। आचार्य चंद्रप्रकाश तिवारी चित्रकूट, पं. अजय द्विवेदी चित्रकूट, अनुराग मिश्रा, नितेश पाठक, हर्ष दुबे, शिवसागर दुबे, पार्थ तिवारी और अंकुर मिश्रा ने केसरिया झंडा लहराते हुए साईं नगर जोरा का भ्रमण किया। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संतोष शर्मा, सुरेश सोनी, छगनलाल साहू, मिथिलेश श्रीवास्तव, छोटेलाल ठाकुर, देवनारायण चंद्राकर, अनिल सिंह, डी. सुरेश राव और अमन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### वाधवा स्कूल का वार्षिकोत्सव 30 को

**रायपुर।** वाधवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंद नगर का 33वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 30 दिसंबर को होने जा रहा है। समारोह पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम सांइस कालेज परिसर में दोपहर 1 बजे से होगा। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें गायन, वादन, नृत्य और नाट्य मंचन स्कूल के छात्र प्रस्तुत करेंगे। समारोह में स्कूल के मेधावी छात्रों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने मनाई पं. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने आशीर्वाद भवन में महामना मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के संरक्षक एंव पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल हुए। वक्ताओं ने दोनों महापुरूषों की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि महामना मदन मोहन मालवीय ने शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण कर प्रगति के द्वार खोल दिए। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का प्रदेश अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल एवं महासचिव पं. अरविंद दीक्षित ने स्वागत किया।

### जनसूचना अधिकारी स्व पंजीयन कार्य जल्द पूरा करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने राज्य के सभी जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों से कहा है कि जिन्होंने आरटीई पोर्टल में स्व पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की है वह जल्द से जल्द इसे पूर्ण कर लें। आरटीआई पोर्टल में जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के स्व पंजीयन करने के विषय पर राज्य सूचना आयोग की ओर से निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नया रायपुर स्थित विभागों के जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को आयोग के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में डेमो के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल में स्व पंजीयन की प्रक्रिया, ऑन बोर्डिंग के बाद आवेदनों का निराकरण, अपलोडिंग की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।

### लोकसभा चुनाव के लिए खेड़ा समन्वयक नियुक्त

**रायपुर।** एआईसीसी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी राज्यों में को-ऑर्डिनेटर की नियुक्ति कर दी है। राधिका खेड़ा को छत्तीसगढ़ के को-ऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है। देश में 18वीं लोकसभा के सदस्यों के चुनाव के लिए अप्रैल और मई 2024 तक लोकसभा चुनाव होने की संभावना है। लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त होने वाला है।

# नए वर्ष में बदलेगा कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री भवन का स्वरूप, लोस चुनाव के बाद काम शुरू होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

नए वर्ष से कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री भवन को भी नए स्वरूप में ढालने का काम शुरू हो जाएगा। शासन ने तीनों बिल्डिंग को नया स्वरूप देने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति से लेकर उनकी डिजाइन आदि सभी तैयार कर ली है। तीनों बिल्डिंग के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। इसमें से कलेक्टोरेट एवं रजिस्ट्री बिल्डिंग के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है, जबकि तहसील बिल्डिंग के लिए अब तक निविदा जारी नहीं की गई है। इन तीनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य नए वर्ष में शुरू होना है, लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव इसमें बाधा बन सकता है। संभावना जताई जा रही है कि लोकसभा चुनाव होने के बाद ही तीनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

***वित्त विभाग से लेनी होगी पुनः स्वीकृति :*** कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री की नई बिल्डिंग निर्माण के लिए पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राशि की स्वीकृति दी गई है। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में अब भाजपा की सरकार है। ऐसे में पूर्व सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत ऐसे कार्य जो अब तक प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, उनकी स्वीकृति वित्त विभाग से पुनः लेनी होगी। इसके लिए विभागों के अधिकारी स्वीकृत कार्यों की सूची बनाकर वित्त विभाग को पुनः स्वीकृति के लिए भेज रहे हैं। इसके कारण भी कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री बिल्डिंग का काम शुरू होने में देर हो सकती है।

## तीनों बिल्डिंग के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई

### 29 करोड़ की लागत से बनेगा कलेक्टोरेट

कलेक्टोरेट में नई कंपोजिट बिल्डिंग 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनेगी। यह बिल्डिंग आधुनिक के साथ सर्वसुविधायुक्त होगी। नई कंपोजिट बिल्डिंग 2555 वर्गमीटर एरिया में बनाई जाएगी। इसमें जिला प्रशासन की बिल्डिंग 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग 800 वर्गमीटर एरिया में बनेगी। इस बिल्डिंग के एक हिस्से में जिला प्रशासन और दूसरे हिस्से में जिला पुलिस प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालय होंगे। जिला प्रशासन की बिल्डिंग में कलेक्टर, अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के चैंबर से लेकर कोर्टरूम के साथ बड़ा कांफ्रेंस रूम, रिकॉर्ड रूम सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग रूम भी होंगे। इसी तरह जिला पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग में भी एसएसपी चैंबर के साथ बड़ा कांफ्रेंस रूम, वेटिंग हॉल, एसआरसी ब्रांच, मिसिंग प्यूपल ब्रांच, चीफ क्लर्क, सीसीटीएनसी, पोलिस बैंक, सीआईसी ब्रांच, कंप्लेंट ब्रांच के भी रूम होंगे।



### 5 मंजिला नई रजिस्ट्री बिल्डिंग के लिए 916.70 लाख रुपए स्वीकृत

पांच मंजिला रजिस्ट्री भवन के लिए शासन ने 916.70 लाख रुपए की राशि स्वीकृति दी है। नए भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा। इसके लिए विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है।

### 11 करोड़ की लागत से बनेगी तहसील बिल्डिंग

तहसील भवन को तोड़कर उसकी जगह हाईटेक पांच मंजिला बिल्डिंग बनेगी। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए करीब 11 करोड़ रुपए की राशि की प्रशानिक स्वीकृति दी गई है। बिल्डिंग के निर्माण की अब तक निविदा निकाली नहीं गई है।

### पुनः स्वीकृति के लिए भेजा गया

पूर्व में स्वीकृत कार्य जिनका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, ऐसे कार्यों की सूची बनाकर वित्त विभाग को पुन: स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

*- हेमंत अरोरा*
*ईई, पीडब्ल्यू*

## 10 जोन से अब तक हो पाई है महज 86 करोड़ की वसूली

# चुनाव ने आधे से भी कम कर दी, बचे तीन माह में 103 करोड़ की वसूली बाकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर नगर निगम की विधानसभा चुनाव ने कमाई आधी से भी कम कर दी है। 9 महीने में शहर के 70 वार्डों से नगर निगम का राजस्व महकमा केवल 86 करोड़ रुपए टैक्स के रूप में वसूल पाया, जो कुल राजस्व वसूली का महज 45 फीसदी है। बचे 3 माह में उसे टारगेट पूरा करने 103 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली करनी पड़ेगी। ऐसे में बकाया राजस्व वसूली के लिए दस जोन के बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर जोन कमिश्नरों को बकाया राजस्व वसूली तेज करने निर्देशित किया गया है।

- आयुक्त ने दिया है 189 करोड़ टैक्स वसूली का टारगेट

प्रदेश में हाल ही में हुए चुनाव ने निकाय की कमाई को बुरी तरह प्रभावित किया है। मार्च तक राजस्व विभाग को 189 करोड़ की राजस्व वसूली करने निगम आयुक्त ने टारगेट दिया है। इसकी तुलना में 10 जोन के 70 वार्डों से अब तक केवल 45 फीसदी टैक्स की वसूली हो पाई है। अब 55 फीसदी बकाया राशि वसूलने नगर निगम को केवल 3 माह का समय मिलेगा। ऐसे में 103 करोड़ की बकाया राजस्व वसूलने निगम के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने है।

### जलकर वसूली में फिसड्डी

नगर निगम का राजस्व महकमा लोगों से जल कर वसूली के मामले में फिसड्डी साबित हो रहा है। अप्रैल से नवंबर तक जल कर के रूप में मात्र 19 फीसदी वसूली हो पाई। वहीं नगर निगम की दुकानों का किराया देने के मामले में आवंटिती उदासीनता बरत रहे हैं। यही वजह है कि दुकान किराया वसूली का आंकड़ा 11 फीसदी पर सिमट कर रह गया है। ऐसे में महापौर एजाज ढेबर और नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने सभी जोन कमिश्नरों की मीटिंग लेकर जोनवार बड़े बकायादारों की सूची शार्ट लिस्ट करने निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में जोनवार बकाया राजस्व वसूली अभियान तेज किया गया है।




### संपत्ति कर जमा नहीं किया, दुकान सील

जोन 3 राजस्व विभाग ने गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित जय भोले व्यावसायिक परिसर की दुकान को बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने पर बुधवार को सील कर दिया। संबंधित करदाता ने 2 लाख 10 हजार 650 रुपये का बकाया संपत्ति कर समय पर भुगतान नहीं किया। इस पर निगम अमले ने दुकान को सीलबंद की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर विमल शर्मा ने बताया, पंडरी कपड़ा बाजार की सभी दुकानों में दुकानदारों के अनुज्ञप्ति लाइसेंस की स्थल पर जांच की गयी है।

### 26 दिन में 10 जोन ने वसूली 12 करोड़ से ज्यादा की रकम

नगर निगम के राजस्व विभाग ने दिसंबर में 1 से 26 दिसंबर तक की समय अवधि में 10 जोन के माध्यम से 12 करोड़ 48 लाख की राजस्व वसूली की है। इनमें से सबसे ज्यादा राजस्व वसूली मोहबा बाजार स्थित जोन 8 अमले ने की है। यह राशि 1 करोड़ 94 लाख से ज्यादा है। इसी तरह अमलीडीह स्थित नगर निगम के जोन 10 द्वारा 26 दिन के भीतर 1 करोड़ 70 लाख से भी ज्यादा बकाया राशि बड़े बकायादारों से वसूल की है। जोन 8 के 7 वार्डों में 1305 करदाताओं से इस अवधि में बकाया कर राशि भुगतान के रूप में प्राप्त हुई है।

### जोनवार बड़े बकायादारों की सूची नोटिस भेज कर रहे आगाह

उपायुक्त राजस्व का कहना है, नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में संबंधित एआरओ से टाप 100 बड़े बकायादारों की सूची तैयार करवाई गई है। इस सूची में 1 लाख से लेकर 10 लाख तक के बकाया करदाता शामिल हैं। उन्हें जोन कमिश्नर के निर्देश पर बकाया टैक्स वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। निर्धारित समय सीमा में टैक्स जमा करने की हिदायत के साथ यह आगाह किया जा रहा है कि समय पर टैक्स जमा नहीं करने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक दस जोन में 1 लाख से अधिक के बकायादारों की सूची बनाकर संबंधित जोन के सहायक राजस्व अधिकारी नोटिस भेजकर बकाया राजस्व वसूली में जुट गए हैं। राजस्व विभाग के आला अधिकारियों का कहना है, वर्ष 2023-24 की मांग गणना के लिए ऑनलाइन पोस्टिंग की जा रही है। आने वाले दिनों में जोन स्तर पर राजस्व वसूली के काम में तेजी आएगी।

# हत्या की आरोपी किशोरी युवक प्रतिबंधित नशीली सीरप के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एसीसीयू तथा एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक किशोरी तथा एक युवक के कब्जे से पौने दो सौ सीसी प्रतिबंधित कफ सीरप जब्त की है। टीम ने किशोरी तथा युवक के कब्जे से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 कुंदरापारा गेट के पास से जब्त की है। जब्त कफ सीरप की कीमत 32 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक राहुल साहू तथा किशोरी के कब्जे से सीरप जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार हत्या के आरोप में पूर्व में माना बाल संप्रेक्षण गृह में रह चुकी किशोरी तथा राहुल के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित मादक पदार्थ तस्करी करने की पुलिस को सूचना मिल रही थी। इसके बाद पुलिस दोनों पर नजर रखने लगी। इसी दौरान पुलिस को राहुल तथा किशोरी के पास कफ सीरप होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा।

- गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में किशोरी, युवक के कब्जे से पौने दो सौ शीशी कोडिन सीरप जब्त

### मूक बधिर की हत्या के आरोप में जेल जा चुकी

पुलिस ने कफ सीरप के साथ जिस किशोरी को पकड़ा है, वह एक वर्ष पूर्व एक मूक बधिर युवक की हत्या के आरोप में माना संप्रेक्षण गृह में रह चुकी है। किशोरी ने मूक बधिर की हत्या केवल इस बात के लिए कर दी थी कि उसने उसकी दोपहिया को साइड नहीं दिया था। पुलिस के अनुसार कफ सीरप के साथ पकड़ी गई किशोरी पूर्व में भी प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री के आरोप में पकड़ी जा चुकी है।

### सीएम ने पं. सुंदरलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक और प्रसिद्ध साहित्यकार स्व. सुंदरलाल शर्मा की 28 दिसंबर को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने छत्तीसगढ़ के लिए श्री शर्मा के योगदान को याद करते हुए कहा है कि पं. सुंदरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ में जनजागरण और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पं. शर्मा कई राष्ट्रीय आंदोलनों से जुड़े और छत्तीसगढ़ में स्वाधीनता आंदोलन की मजबूती के लिए काम किया।

# जोनल रोड बनाने का काम अधूरा

## जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक शुरू नहीं हो पाया काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी ने जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक तक की सड़क को जोनल रोड बनाने का काम 2 साल बाद भी शुरू नहीं किया। इसी तरह जयस्तंभ चौक से नगरघड़ी तक की सड़क अब तक जोनल रोड नहीं बन पाई। 3 अलग-अलग जोन क्षेत्र की सड़क चयनित कर जोनल रोड बनाने तीन एजेंसियों को इस कार्य के लिए 10-10 करोड़ का ठेका दिया गया है।

शहर के मुख्य मार्ग की सड़कों को स्मार्ट रोड की तर्ज पर जोनल रोड बनाने 30 करोड़ खर्च होंगे। जोनल रोड बनाने के लिए चिन्हांकित सड़कों पर बिछाए गए केबल के तारों को भूमिगत करने, पानी की पाइप लाइन अंडर ग्राउंड करने, सड़क डामरीकरण, प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए लाइट लगाने से लेकर नागरिकों के आने-जाने सड़क के दोनों ओर पाथवे बनाने का काम शामिल है।

### ये सड़कें बन रहीं जोनल रोड

- जीई रोड स्थित वंदना आटो से आरकेसी गेट होते हुए ईदगाहभाठा पानी टंकी के जोन 5 कार्यालय तक की सड़क
- लाखेनगर से आमापारा चौक तक की सड़क
- सिटी कोतवाली से नगर निगम मुख्यालय तक आने-जाने वाली सड़क
- महिला थाना से शहीद विद्याचरण शुक्ल चौक तक की सड़क
- विद्याचरण शुक्ल चौक से राजीव गांधी चौक तक की सड़क
- जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक
- जयस्तंभ चौक से नगरघड़ी मार्ग तक की सड़क

*इनमें से नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित वंदना आटो से ईदगाहभाठा पानी टंकी मार्ग की सड़क में केबल को अंडरग्राउंड कर पाइप लाइन भूमिगत करने का काम पूरा हो गया है। सड़क डामरीकरण के बाद अब यहां सड़क के दोनों ओर पाथवे बनाने का काम बाकी है। इसी तरह महिला थाना से विद्याचरण शुक्ल चौक को जोनल रोड बनाने का काम 60 फीसदी हो पाया है, जबकि जयस्तंभ चौक से फाफाडीह और फाफाडीह से नगर घड़ी चौक तक की सड़क को जोनल रोड बनाने का काम होना बाकी है।*

### कोविड के कारण 1 साल हुआ विलंब

*प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, जोनल रोड का काम कोविडकाल के कारण 1 साल देर से शुरू हुआ। अनुबंधित एजेंसी को इसके लिए अतिरिक्त समय भी दिया गया। इसके बाद भी जोन 2 के जोनल रोड का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया। इसे जल्द शुरू कराया जाएगा।*

# आनंद नगर में नाला के ऊपर बनाई दीवार ढहाई दलदल सिवनी रोड पर 2 दर्जन अवैध कब्जे हटाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर नगर निगम जोन 3 की टीम ने बुधवार को आनंद नगर में नाले की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई दीवार को बुलडोजर से ढहाने की कार्रवाई की। नाले को पाटकर खड़ी की गई दीवार को हटाने निर्माणकर्ता को नगर निगम ने नोटिस देकर हटाने की हिदायत भी दी थी, पर इसकी अनदेखी करने और जनशिकायत पर इसे बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। इसी तरह दलदल सिवनी मार्ग पर किए गए 2 दर्जन अवैध कब्जे हटाए गए।

- रेलवे स्टेशन फाफाडीह चौक पर दुकान के बाहर रखे सामान को किया जब्त



दरअसल जोन 3 क्षेत्र के आनंदनगर इलाके में एक मकान मालिक द्वारा नाले को पाटकर दीवार खड़ी करने से नाला संकरा होने और निकासी बाधित होने की शिकायत लोगों ने की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए जोन 3 के प्रभारी कमिश्नर विमल शर्मा के निर्देश पर टीम ने नाले को पाटकर बनाई गई दीवार को तोड़ गिराया। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी रोड किनारे किए गए दो दर्जन अवैध कब्जे हटाए गए। जोनवार चलाए गए अभियान में जोन 1 क्षेत्र स्थित खमतराई से भनपुरी चौक और गोंडवाना अंडरब्रिज से रिलायंस पेट्रोल पंप तक अभियान चलाकर मुनादी करायी गयी।

### दुकानों के बाहर रखे होर्डिंग जब्त, अवैध ठेले गुमटी हटाए

नहरपारा रोड से गांधी चौक और रेलवे स्टेशन, फाफाडीह चौक पर नगर निगम अमले ने अभियान चलाकर अवैध रूप से सड़क यातायात बाधित करने वाले ठेले, गुमटियों को हटाया। दुकानों के बाहर सड़क पर रखे होर्डिंग्स और सामग्री को जब्त किया। मालवीय रोड, बंजारी रोड, गोलबाजार, जवाहर मार्केट से एवरग्रीन चौक तक नाली एवं सड़क के किनारे अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। आईएसबीटी रोड, भाठागांव चौक से शीतला चौक, सिद्धार्थ चौक से संतोषी नगर में अभियान चलाकर सड़क पर सामान व बोर्ड बाहर न रखने मुनादी करवायी गयी। केनाल रोड अमलीडीह से जोन कार्यालय एवं रिंग रोड से न्यू राजेंद्र नगर तक अभियान चलाकर सामान जब्त किया गया।

# रिंग रोड से सटी कालोनियों में चोरों ने जमाया डेरा, कई घरों के टूट रहे ताले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस छोटी चोरी तो छोड़, बड़ी चोरी की घटनाओं में एफआईआर दर्ज करने से परहेज कर रही है। पुलिस फरियादियों से शिकायत पत्र लेकर मामले की जांच करने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। चोरी की घटनाओं में आरोपियों के पकड़े नहीं जाने से चोरों के हौसले बुलंद है। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। हरिभूमि की टीम ने बुधवार को पुरानीबस्ती सहित कई अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जाकर स्थिति का जायजा लिया, तो लोगों ने बताया कि उनके यहां चोरी की घटना हुई है, लेकिन पुलिस केवल उनसे शिकायत पत्र लेकर मामले की जांच करने की बात कह कर उन्हें चलता कर देती है। इसके साथ ही कई चोरी के मामलों में पीड़ितों ने पुलिस को सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है। बावजूद उसके पुलिस अब तक उन चोरी के मामलों का खुलासा नहीं कर पाई है।

## कई मामलों में पुलिस फरियादियों से शिकायत लेने के बाद एफआईआर दर्ज नहीं कर रही

### बस टर्मिनल के आसपास की कालोनियां असुरक्षित

राजधानी में बने बस टर्मिनल के आसपास की कालोनियों में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। राधास्वामी नगर में पिछले चार महीनों के भीतर एक दर्जन के करीब चोरी की घटनाएं हुई हैं, लेकिन पुलिस ने उनमें से कुछ ही मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कमोबेश यही हाल प्रोफेसर कालोनी का है।



### सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी आरोपी पकड़े नहीं गए

बाइक चोरी के दर्जनों ऐसे मामले हैं, जिनमें पीड़ित ने पुलिस को बाइक चोरी करने के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया है, बावजूद इसके पुलिस चोरों को अब तक नहीं पकड़ पाई। राधास्वामी नगर में जिस डॉक्टर के घर चोरी की घटना हुई थी, डॉक्टर ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है, बावजूद इसके पुलिस अब तक चोरों को पकड़ नहीं पाई है।

### घटना के 21 दिन बाद भी एफआईआर नहीं

एक अन्य मामले में राधास्वामी नगर में एक डॉक्टर के निर्माणाधीन मकान में चोरों ने 27 दिन पूर्व छह दिसंबर को धावा बोलते हुए मकान को नुकसान पहुंचाते हुए एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का इलेक्ट्रिक वायर तथा उपकरण चोरी कर ले गए। डॉक्टर ने घटना की शिकायत थाने में की। पुलिस ने डॉक्टर से शिकायत लेकर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है।

### बिल देने के बाद एफआईआर दर्ज करने कहा

इसी तरह से एक अन्य मामले में सरस्वती नगर थाने में एक पीड़ित चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पहुंचा, तब पुलिस ने उस पीड़ित को चोरी गए सोने-चांदी के जेवर के बिल पेश करने के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही। पीड़ित का कहना है कि चोरी गए जेवर काफी पुराने हैं, ऐसे में वे बिल कहां से लाएं।

# निशुल्क नेत्र शिविर में 270 मरीजों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जैन संघटना एवं एमजीएम नेत्र संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र शिविर हुआ। शिविर एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में लगाया गया। इसमें लगभग 270 मरीजों की आंखों की जांच की गई और लगभग 75 मरीजों में मोतियाबिंद के मरीज मिले, जिनका इलाज एमजीएम नेत्र संस्थान में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत थे। शिविर के लाभार्थी परिवार स्व. आसकरण बैद की पुण्य स्मृति में धर्म सहायिका किरण देवी एवं विनोद बैद एवं महेंद्र बैद थे, जिनका सम्मान मुख्य अतिथि व भारतीय जैन संघटना की जिला इकाई ने स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम में मानवेंद्र दफ्तरी, चित्रांक चोपड़ा, हर्षवर्धन बागमार, मनोज लुंकड़, विजय गंगवाल, वैभव गोलछा, लोकेश जैन, राजेंद्र पारख, रोमिल छाजेड़, नरेंद्र बाकलीवाल, नमन लोढ़ा, लवीश जैन, अभय भंसाली, प्रदीप सांखला, पंकज चोपड़ा, प्रमोद लुणावत, संजय सिंगी, कन्हैयालाल बैद, सुरेश कांकरिया सहित 14 डॉटरों की टीम की उपस्थिति रही।



# धान बेचने के लिए 9 लाख 36 हजार किसानों के लिए फिर जारी होंगे टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके प्रदेशभर के 9 लाख 36 हजार से अधिक किसानों को धान बेचने का एक और अवसर देने के लिए चौथी बार टोकन जारी किया जाएगा। दरअसल 1 नवंबर से जारी धान खरीदी के दौरान किसानों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आदेश पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान बेचा था। अब भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी किया है। बताया गया है कि जो किसान इस आदेश के पहले 20 क्विंटल धान बेच चुके हैं, उन्हें प्रति एकड़ एक क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त धान बेचने चौथा टोकन जारी होगा।

## 20 के हिसाब से किसान बेच चुके हैं 44 लाख टन धान

### इन किसानों को पड़ेगी टोकन की जरूरत

धान खरीदी के जानकारों के मुताबिक मौजूदा व्यवस्था के तहत किसानों को उनका धान बेचने के लिए अलग-अलग तारीख के तीन टोकन जारी करने का प्रावधान है। किसानों ने तीन टोकन के माध्यम से अपना धान बेच दिया। इसके बाद भी जिन किसानों के पास धान बचा है, वे प्रति एकड़ 1 क्विंटल के हिसाब से धान बेच पाएंगे। ऐसे किसानों के लिए चौथा कूपन जारी किया गया है। खाद्य सचिव टीपी वर्मा के अनुसार धान खरीदी के ऑनलाइन पोर्टल में चौथे कूपन की व्यवस्था कर दी गई है।



### जहां उत्पादकता ज्यादा, वहां लाभ अधिक

सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की व्यवस्था तो लागू कर दी, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि क्या राज्य के सभी किसानों को इसका लाभ मिल पाएगा। इस संबंध में खाद्य एवं सहकारिता विभाग के जानकार सूत्रों का कहना है कि 21 क्विंटल का लाभ उन्हीं किसानों को मिल पाएगा, जिनके खेतों की उत्पादन क्षमता 21 क्विंटल या अधिक है। जानकार बताते हैं कि राज्य के मैदानी इलाकों के ऐसे जिले जहां बारिश अच्छी होती है और सिंचाई के साधन भी हैं, वहां किसानों को 21 क्विंटल या उससे अधिक उत्पादन मिलता है। ऐसे किसानों को ही सरकार की योजना का पूरा लाभ मिलेगा।

### ये है मामला

*छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम दौर में राज्य के किसानों से धान की खरीदी प्रति एकड़ 20 क्विंटल के हिसाब से करने का आदेश जारी किया था। इसी बीच 1 नवंबर से प्रदेश में धान खरीदी शुरू हो गई। किसानों ने 20 क्विंटल के हिसाब से धान बेचना शुरू कर दिया था। दूसरी ओर भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी किया है।*

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने एक अन्य व्यक्ति तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रमेश केडिया ने सुक्रिता चावला तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रमेश ने पुलिस को बताया कि सुक्रिता तथा उसके साथी जोर-जोर से ऊंची आवाज में गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर दोनों ने उसके तथा उसकी बेटी के साथ मारपीट की।

### छोटा हाथी से घर का सामान चोरी कर ले गए

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ छोटा हाथी वाहन से घर का सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बरबंदा निवासी द्रोण कुमार वर्मा ने छोटा हाथी सीजी 04 जेए 9345 में आए अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। द्रोण ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उक्त वाहन में आकर उसके घर का ताला तोड़कर 20 हजार रुपए कीमत का सोफा, डायनिंग टेबल चोरी कर ले गए।

### महासमुंद विधायक का किया गया स्वागत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के साईं मंदिर खरोरा में महासमुंद विधायक राजू योगेश्वर सिन्हा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमलेश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, सुखनंदन धीवर, मनोज चंद्राकर, संजय साहू, जय साहू, आशीष चंद्राकर, भानू चंद्राकर, रामप्रसाद चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, महेंद्र सूर्यवंशी, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### नयागांव कबड्डी में खैरमाल की टीम विजेता

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम नयागांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा व अन्य जगहों से टीमों ने हिस्सा लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदीप साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि के तौर पर सरपंच दीपक साहू रहे। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदीप साहू ने कहा कि कबड्डी के खेल से शारीरिक मानसिक विकास होता है। हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खैरमाल को मिला, जिन्हे पुरस्कार में 5000 रुपए, द्वितीय जगदलपुर, तृतीय जलगढ़, चतुर्थ नयागांव को मिला। अतिथि ने सभी विजेता और उप विजेता को पुरस्कार प्रदान किया।

### आज 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** केंद्र शासन की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हुए विकास कार्यों को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 29 दिसंबर को जिले की 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी।
विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनपद पंचायत महासमंद में 29 दिसंबर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत कौंवाझर और कौंदकेरा में सुबह 10 बजे एवं मालीडीह और लोहारडीह में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा।

## आयोजन: नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब

# विधायक की आभार रैली, घोड़ारी से महासमुंद तक जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का गुरुवार को शहर में आभार रैली निकली। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता द्वारा ग्राम घोड़ारी से लेकर बरौंडा चौक तक विधायक सिन्हा का जगह-जगह स्वागत भव्य स्वागत हुआ। स्वागत की तैयारियों को लेकर पूरा शहर पहल से ही बैनर पोस्टर से सजा हुआ था वहीं पूरा माहौल भगवामय नजर आया। दोपहर से शुरू हुई रैली में शाम तक पंथी नृत्य, राऊत नाचा के साथ ही डीजे की धुन में लोग थिरकते रहे। मुख्यमार्ग में स्वागत के दौरान जमकर आतिशबाजी हुई। विधायक सिंहा खुले वाहन में सामने और जिला भाजपा के वरिष्ठजन साथ नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर चुनाव में भारी समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचे।

बता दें कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में महासमुंद विधानसभा से भाजपा के योगेश्वर राजू सिंहा जीते। योगेश्वर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की डॉ. रश्मि चंद्राकर को 16,152 मतों से हराया। बीते 3 दिसंबर को चुनाव का परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री और केबिनेट मंत्री की घोषणा लंबित रहने के कारण महासमुंद क्षेत्रवासी अपने विधायक का स्वागत करने का इंतजार कर रहे थे। गुरूवार को भाजपा द्वारा शहर में आभार रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत ग्राम नदी चौक घोड़ारी से शुरू हुई, जहां पर ग्रामीणों द्वारा नवनिर्वाचित विधायक का भव्य स्वागत किया गया। रैली जैसे- जैसे आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे लोगो का हुजुम उमड़ता गया। रैली में खुली जीप में विधायक योगेश्वर सिन्हा के साथ पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल पाली, ग्रामीण अध्यक्ष श्याम साकरकर, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, जितेंद्र साहू नागरिकों और कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए सभी का आभार व्यक्त कर किए। नदी मोड़ से युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के बाइक रैली के साथ महासमुंद की तरफ बढ़ने पर बेलसोंडा ग्राम पंचायत के सरपंच भामिनि चंद्राकर के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने विधायक का फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। रैली में शामिल भाजपा, युवा मोर्चा, महिला महिला मोर्चा के गगनभेदी नारों के साथ आभार रैली का त्रिमूर्ति कालोनी, चीमा ट्रांसपोर्ट, एलआईसी ऑफिस, तिवारी बिल्डिंग, विनोद मेडिकल, विठोबा टाकीज, सुमित सेल, अंबेडकर चौक, बग्गा स्टोर्स, स्वामी चौक, नेहरू चौक, नगर पालिका, जनपद कार्यालय, कचहरी चौक, पटवारी क्वार्टर, किलकारी गार्डन, बरोड़ा चौक, शास्त्री चौक, विशाल मेगा मार्ट और भाजपा कार्यालय पहुंचने तक जगह-जगह भव्य अभिनंदन किया गया।



### यह रहे रैली में शामिल

आभार रैली में प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक चंद्रहास चन्द्राकर, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर, चुनाव संचालक संदीप दीवान, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, एतराम साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, जितेंद्र साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ से देवेंद्र चंद्राकर, अमन वर्मा, खुशाल ठाकुर, पूर्व सभापति विनोद रात्रे, गिरधर यद्धु, पार्षद मंगेश टांकसाले, नंदु जलक्षत्री, आनंद गिरी, सहित भाजपा, मोर्चा प्रकोष्ठ, बूथ समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता और पार्षदगण जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।



### कार्यकर्ताओं और जनता को समर्पित की जीत

जिला भाजपा कार्यालय में रैली के पहुंचने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपनी जीत को कार्यकर्ताओं और जनता को समर्पित करते हुए विधासभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों, जिला, मण्डल मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं, बूथ समिति के सदस्यों सहित सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं और नागरिकों, मतदाताओं का आभार माना। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए मुझे जनसमर्थन देकर विधानसभा में भेजा है, मैं पूरी निष्ठा से जनहित के लिए समर्पित रहूंगा।

# गौरव पथ निर्माण में हरे भरे पेड़ों की कटाई, पुनःरोपित करने की उठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

पिथौरा नगर पंचायत द्वारा मुरई धोवा नाला से लहरौद पड़ाव तक गौरव पथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। प्रथम चरण में हरे भरे पेड़ों की कटाई का काम शुरू हो चुका है। हरे भरे नैसर्गिक वृक्ष साथ ही नगरवासियों द्वारा रोपित वृक्षों की कटाई के समाचार की जानकारी मिलते ही ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए विरोध दर्ज किया है। पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रीन केयर के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र गुप्ता से बात कर इसे तत्काल रोकते हुए वृक्षों को जड़ मिट्टी समेत उखाड़कर अन्यत्र स्थानांतरित कर पुनःरोपित करने की मांग की।

बातचीत के दौरान डॉ पाणिग्राही ने कहा कि पुनःरोपित की प्रक्रिया दुर्ग, भिलाई, कुम्हारी में सफलता पूर्वक की जा चुकी है। हाल ही में महासमुंद के बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग में ओवरब्रिज की जद में आ रहे 25 स्वस्थ वृक्षों को शिफ्टिंग करने का कार्य शुरू हो चुका है। अतः पर्यावरण की इतनी बड़ी क्षति न करें। पाणिग्राही ने कहा कि मैने स्वयं इस कार्य के लिए फील्ड प्रशिक्षण लिया है। दुर्ग में 200 से अधिक वृक्षों के स्थानांतरण एवं पुनःरोपित करने में भी सहयोग दिया है। दुर्ग का परिणाम 95%, सक्सेस है। महासमुंद बेलसोंडा के 25 वृक्षों को चिन्हित करने से लेकर प्रथम अर्जुन वृक्ष को पुनःरोपित करते तक मैं 2 दिन तक मैदान में डटा रहा। पिथौरा में भी आवश्यकता पड़ी तो मैं अपने ज्ञान अनुभव एवं प्रशिक्षण का निस्वार्थ निशुल्क सेवा देने अग्रसर हूं। हमारा एकमात्र उद्देश्य है, पर्यावरण नुकसान न हो। पेड़ पौधे हरियाली बचे। प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे। साथ ही देश में अनेक स्थानों में ट्री ट्रांसप्लांट करने वाले प्रोफेशनल विशेषज्ञ का पता भी मेरे पास है। यदि पालिका चाहेगी तो हम उन्हें भी बुलाएंगे। सीएमओ गुप्ता ने कहा कि मैं अभी बाहर हूं। 31 दिसंबर को आऊंगा तो बात करेंगे।

# नवनिर्वाचित विधायकों का कांग्रेस भवन में सम्मान



**महासमुंद।** नवनिर्वाचित विधायक द्वय द्वारिकाधीश यादव व श्रीमती चातुरीनंद का सम्मान किया गया। कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर एवं जिले के समस्त अध्यक्षों, सदस्यों ने स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर डॉ चंद्राकर ने अपनी हार के लिये अफसोस जताया लेकिन जिले से विधानसभा में मिली जीत पर खुशी जाहिर करते हुए विधायकगणों का सम्मान किया। सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि हम जिले की चार में से दो विधानसभा में विजयी हुए हैं चुनाव हारने पर बहुत सारे सवालों का जवाब देना पड़ता है। जीतने पर कारण नहीं गिनाए जाते लेकिन खल्लारी विधायक के लगातार दूसरी बार विजयी होने पर सभी ने खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर एवं मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर डॉ रश्मि चंद्राकर के जिलाध्यक्ष पद पर सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित प्रभारी दिनेश यद्धु,पंकज मिश्रा, नरेंद्र सेन व जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी ने स्वागत किया और कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन में संगठन मजबूत हुआ है एवं जिले में हमें भाजपा से लगभग साढ़े चार प्रतिशत वोट अधिक मिले हैं जिसका श्रेय जिला कांग्रेस कमेटी के साथ समस्त कांग्रेसजनों को जाता है।

# कब्जायुक्त 8 दुकानों को हटाने का आदेश, 1 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

शहर से लगे लाखागढ़ ग्राम के स्कूल की जमीन पर सरपंच के भाई द्वारा बनाई गई 8 दुकानों को तहसीलदार पिथौरा द्वारा मकान बताकर बेजा कब्जा हटाने का आदेश पारित किया है। इसके अलावा 1000 रुपए का जुर्माना भी किया गया है। ग्राम लाखागढ़ की युवा समिति के पोमल कोसरिया एवं तारेश कोसरिया ने लाखागढ़ के पटवारी पर आरोप लगाया है कि उसने स्कूल की जमीन पर बन रही दुकानों को मकान बता कर सरपंच को बचाने का प्रयास किया है। नगर से लगे ग्राम पंचायत लाखागढ़ में गड़बड़ी की परतें लगातार खुलती जा रही है। पूर्व में गौठान निर्माण में भारी गड़बड़ी की पुष्टि हो चुकी है और ग्राम के सरपंच सचिव के ऊपर रिकवरी निकाल कर राशि वसूलने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद ग्राम के युवाओं ने ग्राम के एक सरकारी स्कूल की बाउंड्री में ही बगैर शासन की अनुमति के ही 8 दुकानें बनाकर उन्हें बेचने का सौदा भी किया जा चुका था। परंतु, पोमल कोसरिया एवं तारेश कोसरिया द्वारा आपत्ति किए जाने पर दुकानों का कार्य रोक दिया गया था। इसके बाद तहसीलदार की अदालत में हुई सुनवाई में अपीलकर्ताओं की अपील पर सुनवाई के पश्चात उक्त स्कूल के सामने की कब्जायुक्त भूमि से कब्जा हटाने के आदेश तहसीलदार पिथौरा द्वारा पारित कर दिया गया।



# पौधों के पत्तों पर जमी धूल हटाएगी एंटी स्मॉग गन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में पानी की महीन बूंदों के साथ शहर के चौराहों, डिवाइडरों पर लगाए गए पेड़-पौधों के पत्तों में जमी धूल और प्रदूषण के कण कम करने एंटी स्मॉग गन काम करेगी। वायु प्रदूषण को कम करने विशेष तौर पर इस शावर मशीन की डिजाइन की गई है। इस मशीन की क्षमता डेढ़ घंटे तक पानी के छिड़काव करने की है। पहली बार एंटी स्मॉग मशीन शहर की सड़क पर उतारी गई है। इस तरह की मशीन का उपयोग इससे पहले दिल्ली, जयपुर और पटना जैसे बड़े शहरों में सफलता पूर्वक किया जा चुका है। मेट्रो सिटी की तरह अब रायपुर में पौधों पर प्रदूषण के स्तर को कम करने नगर निगम ने एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका डेमो राजधानी के शहीद भगत सिंह चौक, पचपेड़ी नाका मार्ग, पंडरी मुख्य मार्ग और गांधी उद्यान के सामने किया गया। शहर के बगीचों, सड़क के डिवाइडर पर लगाए गए पौधों, फूलदार पौधे व छोटे पेड़ों को पानी देने इस मशीन का उपयोग अब नियमित रूप से किया जाएगा। एन कैंप मद के अंतर्गत मिली राशि से नगर निगम ने इस मशीन को 10 लाख रुपए में खरीदा है।



घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## पेज 9 के शेष

### मोदी की गारंटी...

क्रेडिट कार्ड, सुशीला डहरिया स्वच्छ भारत मिशन शामिल हैं।

भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाईजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विध्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र योजना शामिल हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्रों के लिए पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), पीएम ई–बस सेवा, कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत), पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अवसंरचना आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी– कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### 680 बोरी सीमेंट...

पंजाब सिंह ढिल्लो निवासी ढपली जिला भटिंडा पंजाब के नाम से दर्ज ट्रक टाला क्र पीबी 03 एएफ 9347 को चलाना एवं उक्त ट्रक का नंबर प्लेट बदल कर सीजी 04 जेसी 4027 नंबर प्लेट लगाकर श्रीनिवास ट्रांसपोर्ट कम्पनी खपराडीह से सुखराज सिंह व वाहन क्रमांक क्र सीजी 04 जेसी 4027 के नाम से फर्जी बिल्टी कटवा कर 680 बोरी कुल 34 टन सीमेंट को श्री श्याम एजेंसी लैलूंगा रायगढ़ के लिए निकलना। लैलूंगा न जाकर रायपुर ले जाकर सीमेंट को बेचने ग्राहक खोजना बताने पर आरोपी के निशानदेही पर पटना में प्रयुक्त ट्रक टाला क्र पीबी 03 एएफ 9347 जिसमें वाहन क्र सीजी 04 जेसी 4027 का नम्बर प्लेट लगा हुआ 680 बोरी 34 टन सीमेंट को जब्त कर आरोपी को 27 दिसंबर को 11 बजे गिरफ्तार कर 28 दिसंबर को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार कर अफरा तफरी किये गये 680 बोरी सीमेंट तथा घटना में प्रयुक्त ट्रक को बरामद करने में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा, समीर शुक्ला, दीपक ध्रुव, दिनेश चन्द्रवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** घर घुसकर मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। प्रार्थी भूपेंद्र शर्मा पिता रमेश शर्मा (42 साल) निवासी इमलीभाठा ने पुलिस को बताया कि आरोपी चंदन साहू एवं क्षत्रपाल साहू वार्ड नं. 15 महामायापारा ने उसके घर घुसकर गाली गलौज करते हुए हाकी स्टिक से मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 452, 34 के तहत अपराध कायम कर लिया गया है।

### अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पोटरपारा वार्ड 14 के कमल यादव पिता सुदर्शन यादव (45 साल) को मंडीपारा से महुआ शराब की अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

### गाय के साथ अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने की पुलिस ने गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में एक नशेड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में सूर्या तांडी को गिरफ्तार किया गया है। सूर्या के खिलाफ पुलिस ने अप्राकृतिक कृत्य की धारा 377 के तहत कार्रवाई की है। घटना के समय आरोपी नशे में धुत्त था।

### पांच किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 50 हजार रुपए कीमत का पांच किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार जावेद उल्ला खान को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इंटर स्टेट बस टर्मिनल के तीन नंबर गेट के पास से गांजा जब्ती की है। वहां जावेद लोगों को गांजा बेच रहा था।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक वाहन चालक ने कार सवार चार लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक संतोष कुमार भट्ट ने दीपक दास, दीपक मिश्रा, ऋषभ तथा मुकेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया है कि वह माजदा से सामान लेकर जा रहा था। चारों लड़के अपनी कार से उसे ओवरटेक कर रोके तथा शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

## निधन

### गुलाब बाई सोनी



**सिमगा।** स्थानीय निवासी 99 वर्षीय गुलाब बाई सोनी का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे शिवनाथ नदी के किनारे स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वह भाजपा नेता रमेश सोनी की माता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शीतल रमेश सोनी की सासू मां थीं।

### आयोजन : शिविर में स्वयं सेवकों ने उल्लेखनीय सेवा दी

# एनएसएस के शिविर में 83 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन



शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मुंडा में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाहोद से आयी मेडिकल टीम ने ग्रामवासियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित नेत्र परीक्षण किया, जिसमें ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। इसके साथ ही शिविरार्थी स्वयंसेवकों का हीमोग्लोबिन, सिकल सेल परीक्षण और दृष्टि परीक्षण किया गया। उक्त शिविर से 83 ग्रामवासी एवं रासेयो स्वयंसेवक लाभान्वित हुए।

4 स्वयंसेवकों को सिकलसेल के प्राथमिक परीक्षण सोल्युबिलिटी टेस्ट में धनात्मक पाया गया। मरीजों को आवश्यक दवाऐं वितरित की गई और गंभीर नेत्र विकार वाले ग्रामवासियों का चिन्हांकन कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया। सामान्य से कम हीमोग्लोबिन स्तर वाले छात्र छात्राओं को आवश्यक पोषण की जानकारी प्रदान की गई। स्वयंसेवकों ने सघन ग्राम सम्पर्क कर ग्राम वासियों को शिविर में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी ने शिविर का निरीक्षण किया एवं बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में व्यक्तित्व एवं आचरण के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाहोद से रितेश कुमार पटेल आरएचओ, दीपक चौहान ऑप्थल्मिक असिस्टेंट ऑफिसर, भरत लाल पटेल एमएलटी एवं उप स्वास्थ्य केंद्र मुंडा से प्रभा निषाद सीएचओ द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया।

### परसदा में रासेयो का सृजनात्मक व रचनात्मक कार्य जारी



खरोरा। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरोरा का 7 दिवसीय शिविर ग्राम परसदा क में 24 दिसम्बर से संचालित है। प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन के निर्देशन में यह शिविर शाहिना परवीन कार्यक्रम अधिकारी, अमर बर्मन सहायक कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में संचालित है। मिथिलेश साहू सरपंच व समस्त पंचगण व ग्राम पंचायत परसदा के निवासी के सहयोग से विभिन्न सृजनात्मक व रचनात्मक कार्य संचालित है। गुरुवार को बौद्धिक परिचर्चा में प्राचार्य रजनी मिंज ने मोबाइल के उपयोग व उपलब्धि तथा दुष्परिणाम से स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं को सजग किया। साथ ही मोबाइल के समयानुसार उपयोग से होने वाले बौद्धिक परिणाम को सविस्तार प्रस्तुत किया। नशा मुक्ति व राष्ट्रीय सेवा योजना का युवा विषय पर हरीश देवांगन ने अपने विचार व्यक्त किया। तम्बाकू गुटका, धूम्रपान के साथ-साथ मदिरा सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा की। साथ ही छात्र आदित्य देवांगन, घनश्याम चक्रधारी, मुस्कान देवांगन, आरती वर्मा व कुमारी धीवर ने जनजागरूकता के लिए स्वयं द्वारा किये गए कार्य की जानकारी दी। इस अवसर पर समस्त दल नायक व छात्र उपस्थित थे।

### रासेयो शिविर में कवि सम्मेलन एवं जांच शिविर का आयोजन



**बलौदाबाजार।** कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत सकरी के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर सकरी में संचालित है। इस शिविर में तृतीय दिवस कवियों के नाम रहा। कवि सम्मेलन में गोविंद राम वर्मा अध्यक्ष साहित्य सुमन समिति, डॉ. यूके मिश्रा प्राध्यापक डॉ. रामकुमार साहू अध्यक्ष समन्वय साहित्य परिवार, डॉ. टीआर साहू कवि गीतकार, संदीप पांडे जिला सलाहकार एनएसएस उपस्थित थे। अपने कविता के माध्यम से जनचेतना, हास्य, देश के प्रति गर्व साहित्य के सभी भाव से परिचय कराया गया। टीआर साहू ने मां की ममता पर कवितगान से आंखे नम हो गई। संदीप पांडे ने बलौदाबाजार जिले एवं यहां के दार्शनिक स्थल और कैसे बन्ही विषय व हास्य कविता सुनाकर सबका मन मोहा। सभी कवियों द्वारा कविता गीत प्रस्तुत किया गया। शिविर के चतुर्थ दिवस जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार की टीम द्वारा परामर्श एवं सिकलिन की जांच की गई। राजकुमार चौबे आईसीटीसी परामर्शदाता ने एचआईवी, एड्स, टीबी, सिकलीन आदि बीमारियों के बारे में बताया। एचआईवी एड्स होने के कारण एवं बचाव की जानकारी दी गई। राकेश बंजारे, राकेश घृतलहरे लैब टेक्नीशियन एवं नंदिनी साहू द्वारा रासेयो स्वयं सेवकों एवं ग्रामीणों की सिकलीन जांच की गई।

## संभाग आयुक्त ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार-सरसीवां

बिलासपुर संभाग आयुक्त राजस्व केडी कुंजाम गुरुवार को जिले के दौरे में थे। आयुक्त कुंजाम ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गुडेली के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किए। वहां श्री कुंजाम ने किसानों और प्रबंधक से धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और खाद्य अधिकारी को आवश्यक बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार श्री कुंजाम ने बिलाईगढ़ विकासखंड के सरसीवां धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस केंद्र में 75 प्रतिशत धान खरीदी होने पर आयुक्त ने खुशी जाहिर की। दौरे के दौरान संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार उपस्थित थे।

### एसडीएम ने धान खरीदी केन्द्र दानसरा और मल्दा–ब का निरीक्षण किया



**मुड़पार-सरसीवा।** सारंगढ़ एसडीएम श्री वासु जैन ने सारंगढ़ तहसील के धान खरीदी केन्द्र दानसरा और मल्दा–ब का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री जैन ने किसानों से खरीदे जा रहे धान की तौल का अवलोकन किया और समिति प्रबंधक से धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू और तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, खाद्य निरीक्षक, मंडी उप निरीक्षक दिलीप बर्मन उपस्थित थे।

## 177 अति गंभीर कुपोषित बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले में कुपोषण की दर को कम करने के लिए एम्स रायपुर और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से अति गंभीर कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना एवं सीएसएएम कार्यक्रम अंतर्गत जांच करायी जा रही है।

स्वास्थ्य परीक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के समन्वय से जिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक गुरुवार को को शिशु रोग विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम से उपचार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिले के 177 गंभीर कुपोषित बच्चों के जिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीएसएएम कार्यक्रम के तहत बिना किसी चिकित्सा जटिलता वाले बच्चों को सीएसएएम कार्यक्रम में भर्ती कराकर उनका फॉलोअप किया जा रहा है और जटिलता वाले बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में में भर्ती कराया जा रहा है।

## काव्य संग्रह कोहिनूर दीवाना का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिरसानाला

बिलाईगढ़ अंचल के युवा कवि डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर द्वारा रचित मुक्तक काव्य संग्रह कोहिनूर दीवाना का विमोचन बालाजी विद्या मंदिर रायपुर में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष राइस मील एसोसिएशन, अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़, अध्यक्षता सनत कुमार राठौर अध्यक्ष कराटे एसोसिएशन छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि हैदर अली राष्ट्रीय प्रमुख शोतोकान कराटे डु एसोसिएशन भारत, शिहान वरुण पाण्डेय राष्ट्रीय महासचिव शोतोकान कराते एसोसिएशन डु, कराटे कोच छत्तीसगढ़ प्रभारी रानू जी, संजय पंडा, उपेंद्र प्रधान एवं अन्य कोच उपस्थित थे।

27वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप स्पर्धा के आयोजन में यह पुस्तक कोहिनूर दीवाना का विमोचन हुआ। इस कार्यक्रम में डिजेन्द्र कुर्रे ने बताया की छात्र जीवन से ही कराटे सीखा। राष्ट्रीय स्तर में सिल्वर मेडलिस्ट रहे हैं। उनके कराटे गुरु वरुण पाण्डेय को आडियल मानते हैं। अपने जीवन में काफी कुछ उनसे सीखा। बाद में शिक्षिकीय जीवन से कराते खेल से अलग रहे, परन्तु सतत रूप से स्कूल में कराटे खेल चालू हुआ तो पुनः इस खेल से जुड़कर लगातार शिरकत कर रहे। राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में विमोचन होना अपने लिए सौभाग्य मान रहे हैं। अपनी सफलता का श्रेय गुरु, माता पिता एवं अपने साहित्य गुरु तथा सखा को मानते हैं। इस ऐतिहासिक पल में सभी कराटे खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## सेल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**कसडोल।** ग्राम सेल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णता हुई, जिसमें आचार्यों द्वारा विष्णु सहस्त्रनाम से तुलसी अर्पण करवाया गया, तुलसी वर्षा सम्पादित किए गए। आगे पूर्णाहुति यज्ञ द्वारा हवन आहुति प्रदान किए। तत्पश्चात गौपूजन कपिला तर्पण व सहस्त्रधारा स्नान करवाए गए। व्यास पीठ से आचार्य पं. अनिल शुक्ला द्वारा समस्त भक्तों आशीर्वाद प्रदान किया गया। विदित हो कि प्रतिष्ठित साहू परिवार द्वारा अपने पिता स्व मोहन लाल साहू के पुण्य स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उनके द्वारा भंडारे में सभी भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर साहू परिवार के सभी सदस्य गण व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बीएलओ और प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार नामांकन 2 जनवरी तक

**मुड़पार-सरसीवां।** जिले में उत्कृष्ट निर्वाचन कार्य के लिए बीएलओ और प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार नामांकन 2 जनवरी तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ में आमंत्रित किया गया है।उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्य करने वाले व्यक्ति और संस्था को प्रोत्साहित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप 1 जनवरी 2023 के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य में क्रियाशील फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा छत्तीसगढ़ में संपादित विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को पुरस्कृत किये जाने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन कार्य में संलग्न ऐसे अधिकारियों–कर्मचारियों, संस्थाओं को उनके जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी 2024) कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। इस संबंध में पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उत्सुक अधिकारी, जिला स्तरीय बीएलओ पुरस्कार और प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार के लिए अपना नामांकन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ में 2 जनवरी तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नवनिर्वाचित विधायकों का कांग्रेस भवन में सम्मान

**महासमुंद।** नवनिर्वाचित विधायक द्वय द्वारिकाधीश यादव व श्रीमती चातुरीनंद का सम्मान किया गया। कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर एवं जिले के समस्त अध्यक्षों, सदस्यों ने स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर डॉ चंद्राकर ने अपनी हार के लिये अफसोस जताया लेकिन जिले से विधानसभा में मिली जीत पर खुशी जाहिर करते हुए विधायकगणों का सम्मान किया। सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि हम जिले की चार में से दो विधानसभा में विजयी हुए हैं चुनाव हारने पर बहुत सारे सवालों का जवाब देना पड़ता है। जीतने पर कारण नहीं गिनाए जाते लेकिन खल्लारी विधायक के लगातार दूसरी बार विजयी होने पर सभी ने खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर एवं मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर डॉ रश्मि चंद्राकर के जिलाध्यक्ष पद पर सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित प्रभारी दिनेश यदु,पंकज मिश्रा, नरेंद्र सेन व जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी ने स्वागत किया ।




## गांव-गांव पहुंच रही भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

ग्राम चारपाली, पीरदा, जुनवानी और घोघरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा जिला संयोजक बेटी–बचाओ बेटी पढ़ाओ रेवती चन्द्रा, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के जिला संयोजक संजीव साहू, भाजपा मंडल भटगांव महामंत्री श्याम लाल साहू, जिला सह संयोजक लीलाधर वैष्णव व अहिर यादव रहे। जहां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था। जिले के नागरिकों को शिविर के माध्यम से विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का महिलाओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत निर्माण के लिए शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की जनता के नाम दिए गए संदेश एवं आव्हान का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम 'धरती कहे पुकार के' के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

